CS (Main) Exam:2015

**C-AVZ-O-RNBA**

# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

*निर्धारित समय : तीन घंटे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**

**Write short answers of the following in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) क्या समाजशास्त्र एक विज्ञान है ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण बताइए ।

Is Sociology a Science ? Give reasons for your answer.

(b) समाज के अध्ययन में ऐतिहासिक विधि की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए ।

Discuss the relevance of historical method in the study of society.

(c) चरों (वेरिएबल्स) से आप क्या समझते हैं ? प्रयोगात्मक अनुसंधान में उनकी भूमिका की विवेचना कीजिए ।

What are variables ? Discuss their role in experimental research.

(d) तर्कसंगत प्रभाविता (लैजिटिमेट डौमिनेशन) के प्रारूपों के विश्लेषण में वेबर ने किन संकल्पनाओं का उपयोग किया था ?

Which concepts did Weber use to analyse the forms of legitimate domination ?

(e) "कोई भी समाज न तो पूर्णतया खुला हो सकता है और न ही पूर्णतया बन्द हो सकता है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"No society can either be absolutely open or absolutely closed." Comment.

**Q2.** (a) पूँजीवाद के विकास में कैल्विनीय नीतिवाद की भूमिका पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the role of Calvinist ethic in the development of Capitalism. ***20***

(b) सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में वस्तुनिष्ठता एवं मूल्य निरपेक्षता के अनुरक्षण की समस्याओं का परीक्षण कीजिए ।

Examine the problems of maintaining objectivity and value neutrality in Social Science research. ***20***

(c) "स्व एवं समाज जुड़वाँ होते हैं ।" मीड के इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Self and Society are twin-born." Examine the statement of Mead. ***10***

**Q3.** (a) यह क्यों कहा जाता है कि अनुसंधान में यादृच्छिक प्रतिचयन की विश्वसनीयता एवं वैधता अधिक होती है ?

Why is random sampling said to have more reliability and validity in research ? *20*

(b) सामाजिक स्तरीकरण की मार्क्सीय एवं वेबरीय थियोरियों में विभेदन कीजिए ।

Differentiate between Marxian and Weberian theories of Social Stratification. *20*

(c) प्रबोध (ऐनलाइटेनमेंट) ने समाजशास्त्र के उद्भव में किस प्रकार का योगदान किया था ?

How had Enlightenment contributed to the emergence of Sociology ? *10*

**Q4.** (a) "मानव व्यवहार को समझने के लिए अप्रत्यक्षवादी कार्यप्रणाली अत्यावश्यक है ।" विवेचना कीजिए ।

"Non-positivistic methodology is essential for understanding human behaviour." Discuss. *20*

(b) पारसंस के ढाँचे में सामाजिक साम्यावस्था किस प्रकार से अनुरक्षित रहती है ?

How is social equilibrium maintained in Parsonian framework ? *20*

(c) "असंबंधिता (ऐनोमी) की जड़ें सामाजिक संरचना में होती हैं ।" आर.के. मर्टन के योगदान का उल्लेख करते हुए इसको स्पष्ट कीजिए ।

"Anomie is rooted in social structure." Explain with reference to R.K. Merton's contribution. *10*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**
**Write short answers of the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) सामन्तवादी समाज में और पूँजीवादी समाज में, कार्य के सामाजिक संगठन के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between the social organization of work in feudal society and in capitalist society.

(b) "लोकतंत्र में सामाजिक रूपान्तरण (सोशल ट्रांसफॉर्मेशन) के लिए विचारधारा निर्णायक होती है ।" विवेचना कीजिए ।

"Ideology is crucial for social transformation in a democracy." Discuss.

(c) सम्प्रदाय और पंथ में उदाहरण देकर अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

Distinguish between sects and cults with illustrations.

(d) क्या मातृवंशीय समाज में पुरुष सत्ता अनुपस्थित होती है ? विवेचना कीजिए ।

Is male authority absent in matrilineal society ? Discuss.

(e) सामाजिक परिवर्तन को समझने में, 'सांस्कृतिक पश्चता' के विचार की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the relevance of the idea of 'cultural lag' in understanding social change.

**Q6.** (a) "शिक्षा सामाजिक एवं आर्थिक असमताओं को बनाए रखने में सहायक होती है ।" इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

"Education helps in perpetuating social and economic inequalities." Critically examine the statement. *20*

(b) उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए जिनमें सामूहिक कार्रवाई एक सामाजिक आन्दोलन में परिवर्तित हो जाती है ।

Explain the conditions under which a collective action transforms into a social movement. *20*

(c) बंधुता (किनशिप) में विरासत (वंश) और मैत्री सम्बन्धी नियम किस प्रकार एक दूसरे से भिन्न होते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।

How do the rules of descent and alliance in kinship differ from each other ? Illustrate. *10*

**Q7.** (a) धर्म निरपेक्षीकरण (लौकिकीकरण) को परिभाषित कीजिए । आधुनिक विश्व में इसके मुख्य आयाम क्या हैं ?

Define Secularisation. What are its major dimensions in the modern world ? *20*

(b) तृतीयक क्षेत्रक के बढ़ते हुए महत्त्व ने हाल में कार्य के औपचारिक संगठन को कमज़ोर बना दिया है । इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

The increasing importance of the tertiary sector has weakened the formal organization of work in recent times. Examine the statement. *20*

(c) प्रतीत होता है कि जातीय विचारधारा ने लोकतंत्र को सुदृढ़ किया है । टिप्पणी कीजिए ।

Caste ideology appears to have strengthened democracy. Comment. *10*

**Q8.** (a) "वैश्वीकरण में वि-भूभागीयकरण शामिल है ।" राष्ट्र-राज्य का उल्लेख करते हुए इसका परीक्षण कीजिए ।

"Globalization involves deterritorialization." Examine with reference to the nation-state. *20*

(b) सामाजिक परिवर्तन के अध्ययन में परम्परा एवं आधुनिकता के द्वन्द्वात्मक सम्बन्ध का परीक्षण कीजिए ।

Examine the dialectical relation between tradition and modernity in the study of social change. *20*

(c) "धार्मिक जीवन के प्रारम्भिक रूपों" पर दुर्खीम के विचारों को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए ।

Elaborate the views of Durkheim on "The Elementary Forms. of Religious Life". *10*